हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 21 अक्टूबर 2024

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 पति की दीर्घायु के लिए सुहागिनों ने रखा निर्जला ...



07 हो गए साठ के लेकिन हौंसले अभी भी सोलह के हैंः हार्दिक



## खबर संक्षेप

### कबड्डी प्रतियोगिता में छात्राओं का चयन



**ग्यारसपुर।** सीएम राइज स्कूल की दो छात्राओं का राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में चयन हुआ है। 19 से 23 तारीख तक रीवा में आयोजित अंडर 14, 68 वीं शालेय राज स्तरीय कबड्डी चैंपियनशिप में सीएम राइस ग्यारसपुर की दोनों छात्राएं रीवा के लिए रवाना हुई। छाया कुशवाह, नंदिनी प्रजापति अर्चना किरार से प्रशिक्षण प्राप्त करती हैं। इस उपलब्धि पर प्राचार्य जेपी नेमा, सचिन मिश्रा, आशीष सोनी, भुवनेश्वर चतुर्वेदी, श्यामेंद्र पंथी, राजा रैकवार, सुनील अहिरवार, अमित कटारे ने बधाई दी है।

### जन सुरक्षा योजना का शिविर अभियान प्रारंभ

**विदिशा।** जिले में जन सुरक्षा योजना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के लिए लोगों को योजना में पंजीकृत किया जाना है। जन सुरक्षा महोत्सव 15 जनवरी तक मनाया जाएगा। ग्राम पंचायत स्तर में बैंक द्वारा निर्धारित तिथि पर सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक जन भागीदारी के लिए जिले के सरपंच, सचिव, कोटवार, एवं महिला बाल विकास विभाग की सहभागिता सुनिश्चित की गई है।

### एसडीएम ने दुकानों का निरीक्षण किया

**विदिशा।** रविवार को एसडीएम क्षितिज शर्मा, सीएसपी आलोक सिंह ने रविवार को संयुक्त रुप से विदिशा शहर में भ्रमण कर पटाखे विक्रेताओं की दुकानों में पहुंचकर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान विदिशा शहरी तहसीलदार डॉ अमित सिंह के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी साथ साथ मौजूद रहे।

### भाजपा नेता की मां का निधन, मंत्री हुए शामिल

**विदिशा।** स्वर्गीय दातार सिंह लोधी एडवोकेट की धर्मपत्नी और नंदकिशोर, भाजपा नेता संदीप डोंगर सिंह एवं एडवोकेट निरंजन



सिंह की माता गौराबाई का रविवार को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम मोहना खेजड़ा में किया गया। अंतिम यात्रा में प्रदेश सरकार के पंचायत प्रहलाद पटेल, विधायक मुकेश टंडन, भाजपा नेता कैलाश रघुवंशी, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा, मनोज कटारे, छत्रपाल शर्मा, अटल तिवारी, चिपिन सराफ, राजेश राय, कप्तान सिंह यादव, प्रमोद व्यास, बृजेश लोधी, उमेश शर्मा, योगेंद्र रघुवंशी, राजू शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं समाजबंधु आदि शामिल रहे।

## पति की लंबी उम्र के लिए पंजाबी समाज की महिलाओं ने गुरुद्वारे में किया सामूहिक पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

पंजाबी समाज की महिलाओं ने रविवार को करवाचौथ पर गुरुद्वारे में सामूहिक पूजन किया और पति की लंबी आयु की कामना की। सुहागिन महिलाओं ने 16 श्रृंगार कर पूजा-अर्चना की। वहीं घरों में भी महिलाओं ने व्रत रखा। चंद्र दर्शन करने के बाद पति के हाथ से पानी पीकर इस कठिन व्रत को खोला। पूजा के बाद मिट्टी के करवा को नदी में भी प्रवाहित किया जा सकता है या फिर किसी पेड़ के नीचे भी रख सकते हैं। रविवार होने के बाद भी करवाचौथ को लेकर बाजार में चहल पहल रही।





**विदिशा।** करवाचौथ के पर्व पर पंजाबी समाज की महिलाओं ने गुरुद्वारे में सामूहिक रूप से पूजन किया। वहीं रात में चांद का दीदार करने के बाद पति के हाथ से पानी पीकर व्रत खोला गया।

### डीएपी व एनपीके की संपूर्ण मांग 5 नवंबर तक पूर्ण होने की संभावना

## रैक आना शुरू हुईं, अब किसानों को समय पर मिल सकेगा खाद- यूरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर रोशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा किसानों के लिए समय पर उर्वरकों की उपलब्ध कराने प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

जिले में रबी फसल की बुबाई के लिए उर्वरकों की पर्याप्त व्यवस्था कर ली गई है। फसल बुआई की समय जिले के समस्त किसानों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े एवं समय पर उन्हें पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध रहे। इसके लिए जिला प्रशासन गंभीरता के साथ काम कर रहा है।



**विदिशा।** किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहेगा खाद व यूरिया।

### लगातार आ रहे रैक

ज्ञात हो कि इस सप्ताह में खाद के लगातार 5 रेक विदिशा के सौराई रैक प्वाइंट पर लगने वालीं हैं। रविवार को इफ्को यूरिया 2670 टन की रैक सौराई रैक प्वाइंट पर लगी। जिससे सहकारी समितियों विपणन संघ के डबल लाक केन्द्र व प्राइवेट दुकानों पर यूरिया खाद पहुंचाया जा रहा है। जहां से किसान आसानी से यूरिया खाद प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद चम्बल यूरिया 1514 टन व कृभको यूरिया 1332 टन रैक विदिशा के आसपास के स्टेशन पर खड़े हुए हैं जो इफ्को रैक हटते ही लग जाएंगे। साथ ही पारादीप से इफ्को डीएपी व एन पीके मात्रा 2826 टन गुरुवार 24 अक्तूबर को सौराई रैक प्वाइंट पर लगेगा। आईपीएल द्वारा भी इसी सप्ताह 2700 टन एनपीके का रैक सौराई में लाया जा रहा है। इस रेक के बाद 2 एनपीके के और रेक इसी माह में प्लान हैं। 1500 टन सुपरफास्फेट खाद समितियों में उपलब्ध कराया। प्रशासन द्वारा किसानों की मांग को देखते हुए रबी फसल हेतु 1500 टन सुपरफास्फेट खाद भी समितियों में उपलब्ध कराया गया है। किसानों से अपेक्षा की गई है कि अपनी जरूरत का खाद तत्काल समितियों से उठवा लें ताकि वहां और भंडारण के लिए स्थान खाली हो सके और उर्वरकों का भंडारण निरंतर होता रहे। जिले की इस वर्ष की डीएपी व एनपीके की संपूर्ण मांग 5 नवंबर तक पूर्ण होने की संभावना है।

### कलेक्टर के निर्देशः खाद की कमी न आने पाए

विदिशा। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले में कहीं भी खाद की कमी न हो समितियों व डब्ल लांक में पर्याप्त मात्रा में भंडारित है। कलेक्टर के निर्देश के अनुपालन में राजस्व अधिकारियों के द्वारा प्राथमिक सहकारी समितियों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है। रविवार को शमशाबाद तहसीलदार डा दर्शन सिंह नेगी ने सागुंल ग्राम पंचायत में संचालित प्राथमिक सहकारी समिति का औचक निरीक्षण किया। तहसीलदार ने बताया कि प्राथमिक सहकारी समिति सागुल की गोदाम का निरीक्षण किया। समिति में पर्याप्त मात्रा में खाद का भंडारण है। समिति में यूरिया खाद 440 बोरी 19.800 टन खाद उपलब्ध है एनपीके डीएपी स्टाक में उपलब्ध नहीं है 50 टन की डिमांड भेजी गई है।

### मिलावटी खाद्य सामग्रियों के खिलाफ कार्रवाई जारी

## रामलीला पर खराब तेल में तल रहे थे कचौरी, समोसा, फिकवाया



विदिशा। रमानी इंटरप्राइजेस बालाजी एजेंसी पर पहुंचकर जांच पड़ताल करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले में दूषित मावा की धरपकड़ के लिए कार्रवाई की जा रही है। रविवार को खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा रामानी इंटरप्राइजेस बालाजी एजेंसी से खाद्य पदार्थ सेव नमकीन, मूंग दाल नमकीन तथा जय माता दी ट्रेडर्स हल्दीराम एजेंसी से सोनपापड़ी, रसगुल्ला, नमकीन, टोमैटो सॉस आदि के नमूने जांच के लिए एकत्रित किए।

जांच में नमूना फेल होने पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के केमिस्ट द्वारा रामलीला चौराह स्थित नाश्ता हॉकर की दुकानों का निरीक्षण किया गया। सभी के गर्म तेल चेक किया गया। तेल खराब पाए जाने पर फिकवाया गया। सभी खाद्य कारोबार वालों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि बिना खाद्य पंजीयन लाइसेंस के व्यापार न करें।

विभागीय अधिकारियों के द्वारा मिठाई दुकानों पर जांच कर कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में खोवा, नमकीन के मिठाई आदि खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए गए। जांच के लिए पनीर, खोवा, रसगुल्ला, कलाकंद, बर्फी और मिठाइयों के दस नमूने लिए गए। इसके अलावा किराना दुकानों की भी जांच की गई। सभी निर्माता एवं विक्रेताओं को साफ सफाई रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## ट्रैक्टर के पहिए की चपेट में आने से युवक की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

रविवार को सुल्तनिया चौराहे पर एक हादसे में 19 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार पीपलखेड़ा निवासी सुमित पिता दीवान सिंह राय उम्र 19 साल सुल्तनिया चौराहे पर ट्रेक्टर के पहिए की चपेट में आ गया। हादसे में मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसा कैसे हुए इसका कारण पता नहीं चला सका है।

### दो बाइकों की आमने सामने से हुई भिड़ंत

**विदिशा।** बच्ची को बाइक पर बैठाकर जा रहे आनंदपुर निवासी विजय सिंह की बाइक को सामने से आ रही दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं साथ बैठी बच्ची को मामूली चोटे आई हैं। दोनों को आनंदपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां गंभीर हालत के चलते उन्हें विदिशा जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### ब्राह्मणों का निर्णय, 31 को मनाएं दीपावली

**विदिशा।** बालाजी मंदिर पर विप्रो के समागम में दीपावली को लेकर चल रही असमंजस की स्थिति को दूर किया गया। सामूहिक निर्णय लेते हुए तय किया गया कि 31 अक्टूबर को ही दीपावली मनाई जाए। कालव्यापी एवं रात्रि व्यापिनी अमावस्या होने से दीपावली का त्यौहार एवं महालक्ष्मी पूजन 31 अक्टूबर को करना ही शुभ है। इस अवसर पर पंडित संतोष शास्त्री पंडित मनोज शास्त्री, पंडित रवि कृष्ण शास्त्री, पंडित नारायण प्रसाद शर्मा, पंडित बृजेश चतुर्वेदी, पंडित नीलकंठ चतुर्वेदी, पंडित रवि चतुर्वेदी, पंडित विजय दीक्षित, पंडित निखिल बंटी महाराज, पंडित शिवराम शर्मा, पंडित एश्वर्या भार्गव आदि मौजूद रहे। जानकारी मप्र प्रांतीय पुजारी महासभा के अध्यक्ष एवं पंडित संजय पुरोहित ने दी।

### प्रतिमा को खराब करने वालों पर कार्रवाई की मांग

## 14 सूत्रीय मांगों को लेकर निकाली रैली, तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कुरवाई में अंबेडकर प्रतिमा तोड़ने वालों पर अब तक कार्रवाई न होने से अहिरवार समाज में अक्रोश है। जिसको लेकर रविवार को अहिरवार समाज के लोग रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे।

तहसीलदार अमित ठाकुर को ज्ञापन देकर मूर्ति खराब करने वालों पर कार्रवाई सहित 14 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। अहिरवार समाज संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि कुरवाई में पिछले दिनों बाबा साहब





**विदिशा।** अहिरवार समाज ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर तहसीलदार को दिया ज्ञापन।

भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को खराब किया गया था। उस स्थान पर दूसरी प्रतिमा लगाई जाए। ऐसा करने वाले व्यक्ति पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई है। इसके अलावा 14 सूत्री मांगे ज्ञापन में रखी गई हैं।

### बेतवा के रंगई घाट पर मिला युवक का शव

**विदिशा।** बेतवा के रंगई घाट पर टीलाखेड़ी निवासी एक युवक का शव नदी में मिला है। सूचना मिलने के बाद होमगार्ड और एसडीआरएफ की टीम ने शव को नदी से बाहर निकाला गया। मृतक की पहचान टीलाखेड़ी निवासी 26 वर्षीय नीलेश भार्गव के रूप में हुई है।

### नहीं मिलता स्ट्रैचर

**विदिशा।** जिला अस्पताल में आने वाले घायल मरीजों को स्ट्रैचर तक मुहैया नहीं हो पा रहा। इलाज करने के बाद अपने वार्डों में परिजनों के सहारे चलकर जाना पड़ता है। स्ट्रैचर की व्यवस्था होने और व्हीलचेयर की व्यवस्था होने के बावजूद मरीज को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा। घायल मरीजों के परिजन ही सहारा देकर वार्ड तक ले जाते दिखाई देते हैं।

## पुरातत्व को समेटे एतिहासिक इमारतों को विद्यार्थियों ने सराहा



हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

ग्यारसपुर में दसवीं सदी की अनेक इमारतें आज भी मौजूद है। परमार वंश क़ालीन स्थापत्य कला का अद्भुत नजारा इन इमारतों में देखने में मिलता है।

महाराष्ट्र की पुणे के ढक्कन कॉलेज के 32 स्टूडेंट सहित प्रोफेसर आज ग्यारसपुर की विरासत को देखने पहुंचे। उन्होंने बताया है कि हमारा महाविद्यालय भारतीय पुरातत्व कला, प्राचीन भारतीय संस्कृति, सभ्यता कला भाषा संस्कृत में विद्यार्थियों को स्नातक की डिग्री प्रदान करता है। यह विद्यालय काफी प्राचीन है।

विद्यालय के सहायक प्रोफेसर श्रीकांत गनवेर ने कहा है कि विदिशा जिले की तहसील ग्यारसपुर में यहां की ऐतिहासिक विरासतों को देखने के लिए आए हुए हैं। यहां पर 9 वीं और 10वीं सदी अनेक इमारतें हैं जिनका इतिहास में वर्णन है।

### शहर के मुख्य मार्गों से अतिक्रमण हटाने शुरू हुई मुहिम

## नपा के अमले ने बसस्टैंड और माधवगंज से फल, सब्जी के ठेले हटवाए, बालविहार भेजे

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

रविवार को पुलिस, प्रशासन और नपा के अतिक्रमण विरोध दस्ते ने बसस्टैंड, सब्जी मंडी और माधवगंज की सड़क किनारे खड़े होने वाले फल, सब्जी के ठेलों को हटवाया। शहर में जगह जगह खड़े होने वाले फल और सब्जी के ठेलों के कारण कई बार जाम की स्थिति भी बनती है। दीपावली को लेकर बाजार में खासी भीड़ रहती है। ऐसे में भी फल और सब्जी के ठेले बाजार में लगे रहते हैं जिसके कारण जाम की स्थिति निर्मित होती है। विगत दिनों भी नपा और पुलिस ने



**विदिशा।** बस स्टैंड पर कार्रवाई करने पहुंची प्रशासन और नपा की टीम ने दुकानों के बाहर रखे सामान को जब्त कर लिया।

बस स्टैंड सब्जी मंडी की मुख्य सड़क पर खड़े होने वाले फलों के ठेलों को हटाने की कार्रवाई की थी। इस दौरान ठेला चलाकों ने प्रदर्शन किया था। बसस्टैंड की सड़क पर यातायात का दबाव अधिक होता है। इसके बाद भी यहां दर्जनों ठेले सड़क किनारे खड़े रहते हैं। जिनके कारण सैकड़ों की संख्या में यहां खड़े होने वाले वाहन बीच सड़क तक आ जाते हैं।

बसस्टैंड सब्जी मंडी तथा माधवगंज तिराहे पर अनावश्यक खड़े हाथ ठेलों, सब्जी की दुकानों, को हटाया गया और उन्हें बाल बिहार सब्जी मंडी में भेजा गया। साथ ही दुकानों के बाहर रखे सामनों को नगरपालिका की अतिक्रमण विरोधी टीम द्वारा जब्त किया गया। साथ ही सभी दुकानदारों को अपनी दुकान का सामान दुकान के अंदर रखने की समझाइश दी गई।

### पंचायत स्तर पर 3 माह चलेगा संतृप्ति अभियान

**विदिशा।** जिले में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधान मंत्री जीवन सुरक्षा बीमा योजना की पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से, वित्तीय सेवा विभाग, वित्त मंत्रालय नई दिल्ली के निर्देशा जारी किए गए हैं। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में 15 अक्टूबर से शुरू हुआ यह अभियान 15 जनवरी तक ग्राम पंचायत स्तर पर क्रियान्वित किया जाएगा। जनसुरक्षा योजनाओं के लिए 3 महीने का संतृप्ति अभियान चलाना है। इस अभियान की शुरुआत जिले के सभी विकास खंण्डों की विभिन्न पंचायतों में हो गई है। लीड बैंक आफीसर ने सभी ग्राम वासियों से अनुरोध है कि कैम्प में उपस्थित होकर इन दोनों बीमा योजनाओं का लाभ आवश्यक रूप से प्राप्त करे, ताकि भविष्य में किसी अनहोनी की स्थिति में 2 लाख रुपए के बीमा दावा के अधिकारी हो सके। इस बाबत अपने बैंक खाते की पासबुक साथ में अवश्य लाएं।

## खबर संक्षेप

### बार-बार बिजली होती रही गुल

**गंजबासौदा।** इन दिनों पचमा बायपास सहित अनेक वार्डों में दिन में कई बार बिजली गुल हो रही है। जिसके कारण नागरिकों को बिजली के अभाव में परेशान होना पड़ रहा है।

### सोने का मंगल सूत्र झपटकर भागे बदमाश



**गंजबासौदा।** शहर थाना क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 7 मोना हास्पिटल के पीछे विगत दिनों रात्रि के समय एक महिला के गले से मंगलसूत्र झपटने की वारदात सामने आई है। घटना का सीसीटीव्ही फुटेज भी पुलिस को प्राप्त हुआ है। जिसमें वारदात के समय महिला बहुत जोर से मदद के लिए चिल्लाई थी। रात्रि होने के कारण गली में कोई नहीं था और बदमाश महिला का मंगलसूत्र लेकर भाग गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 7 मोना हास्पिटल के पीछे रहने वाली वंदना गुप्ता अपनी पड़ोसन के साथ ब्यूटी पार्लर गई हुईं थी। रात्रि 9 बजे जब वह पार्लर से वापिस लौटीं तो उनके साथ इस तरह की वारदात को अंजाम दिया गया। जिससे आसपास के क्षेत्र में भी दहशत का माहौल व्याप्त है। लोगों का कहना था कि पहले मुख्य मार्गों पर इस तरह की घटना होती थी, लेकिन अब गलियों में भी बदमाश रैकी करते हुए महिलाओं के गले से मंगलसूत्र आदि झपटने लगे हैं। शहर थाना निरीक्षक संजीव चौकसे ने बताया कि फरियादी महिला की शिकायत पर धारा 304 (2) के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया है। फिलहाल आरोपियों की तलाश के लिए टीम तैयार की गई है जो अलग-अलग सीसी टीवी कैमरों में संदिग्ध बदमाशों की तलाश में जुट गई है। बदमाशों की लोकेशन बरेठ की तरफ मिली थी। थाना प्रभारी बताया कि शीघ्र आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाऐगा।

### गुमशुदगी का मामला दर्ज किया



**गंजबासौदा।** नगर के वार्ड क्रमांक 21 रजोदा रोड निवासी मिनी सेन ने सिटी थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनके पिता मदनलाल सेन 18 अक्टूबर को दोपहर के समय घर से दुकान पर जाने की कहकर निकले थे लेकिन वह दुकान पर नहीं पहुंचे। अभी तक उनका कुछ भी पता नहीं चला जब वह घर नहीं आये तो सभी रिश्तेदारों और परिचितों से पता किया लेकिन उनकी कहीं जानकारी नहीं मिली।

# त्योंदा पुलिस ने हत्याकांड का किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व एवं एसडीओपी मनोज मिश्रा के मार्गदर्शन में त्योंदा पुलिस ने हत्या की घटना का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। रविवार को त्योंदा पुलिस ने धारा 103, 115(2), 118(1) बीएनएस में मृतक बृजेश यादव निवासी सुभाषनगर विदिशा की एक अक्टूबर को मारपीट कर हत्या करने वाले आरोपियों की पतारसी कर चार आरोपियों देवेंद्र अहिरवार निवासी पचमा, रोहित अहिरवार, राजा अहिरवार तथा शिवम अहिरवार निवासीगण नई बस्ती, नामदेव कॉलोनी को गिरफ्तार करते हुए घटना में प्रयुक्त हथियार जब्त किए हैं। आरोपी देवेंद्र एवं रोहित अहिरवार को 19 अक्टूबर को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा जा चुका है, अन्य आरोपी राजा अहिरवार को सोमवार को सुबह न्यायालय बासौदा एवं शिवम अहिरवार को बाल न्यायालय विदिशा के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। घटना की विस्तृत जानकारी इस प्रकार है एक अक्टूबर को ग्राम पिपराहा में बृजेश यादव पर जानलेवा हमला कर मारपीट कर आरोपी कार से भाग गए थे, जिनकी कार ग्राम बरखेड़ी के पास दुर्घटना ग्रस्त हो गई थी। जिसे




छोड़ कर आरोपी भाग गए थे। घायल बृजेश यादव की इलाज के दौरान भोपाल में 7 अक्टूबर को मृत्यु हो गई थी। भोपाल से डायरी प्राप्त होने पर 17 अक्टूबर को अपराध दर्ज किया गया और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी त्योंदा की टीम ने आधुनिक विवेचना साधनों का उपयोग कर आरोपियों को गिरफ्तार किया एवं अन्य आरोपियों को भी शीघ्र गिरफ्तार करने की बात कही गई थी। घटना में तात्कालिक कारण के अलावा मादक पदार्थों से जुड़े माफिया का भी हाथ होने की आशंका है। उक्त कार्य में निरीक्षक बलबीर सिंह गौर, एसआई रघुपति यादव, उप निरी जेपी मालवीय,आर रवींद्र तोमर, अखिलेश शुक्ला एवं सुभाष, प्रवेश, मोनिका आदि का सराहनीय कार्य रहा।

### करवा चौथ पर बाजार में दिन भर रही चहल पहल

# पति की दीर्घायु के लिए सुहागिनों ने रखा निर्जला व्रत, चांद को दिया अर्घ्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को नगर सहित ग्रामीण अंचल में सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु की कामना के लिए दिन भर निर्जला व्रत रखकर रात्रि को विधि विधान से माता करबा चौथ की पूजन अर्चन की। तत्पश्चात चंद्रमा की पूजन कर, अर्घ्य देकर पति का तिलक लगाकर, पूजन कर पति के हाथ से जल पीकर उपवास खोला।





उल्लेखनीय है कि नगर सहित ग्रामीण अंचलों में करवाचौथ की तैयारी जोरों पर चल रही थीं। इस पर्व को देखते हुए बाजार में भी रंग बिरंगे और आकर्षक करबों के साथ पूजन सामग्री बेंचने वालों की दुकानें कुछ दिन पहले से ही सज गई थीं। जिनसे महिलाओं ने अपनी पसंद और रूचि अनुसार करबे एवं पूजन सामग्री, कपडे एवं उपहार सामग्री की खरीददारी की और दिन भर दुकानों पर चहल पहल बनी रहीं। करवा चौथ के दिन महिलाओं की भीड दुकानों पर खरीददारी के लिए पहुंची और दीवाली के पहले बाजार में अच्छी रौनक नजर आई। यहां उल्लेखनीय है कि करवा चौथ के दिन सभी सौभाग्यवती महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु और सुख समृद्धि की कामना के साथ व्रत रखा। दिन भर निर्जला व्रत रखने के बाद शाम को चंद्रमा को अर्घ्य देकर तथा भट्ट के पत्थर पर भगवान शिव गणपति कार्तिकेय एवं स्कंध की पूजन कर पति की दीर्घ आयु , संतान के भाग्य एवं सब प्रकार की बाधाओं से निजात पाने के लिए उक्त व्रत रखा गया। इस व्रत में महिलाएं करवा में मिठाई, पकवान भरकर भगवान को भोग लगाकर सौभाग्यवती स्त्री को भेंट करती हैं। प्राचीन समय में अर्जुन इंद्रनील पर्वत पर कठिन तप करने गए थे। उस समय द्रोपदी ने उनके पति की मार्ग में कोई बाधा ना आवे निर्भयता पूर्वक अर्जुन इस संकल्प की पूर्ति कर सके। इसलिए भगवान कृष्ण से पूछकर द्रोपदी ने इस व्रत को किया। जिसके फल स्वरुप अर्जुन ने महाभारत युद्ध में बलशाली कौरवों को परास्त किया था। करवा चौथ के व्रत में अष्टगंध केसर हल्दी कुमकुम अक्षत कपूर इत्र विविन पुष्प दूर्वा पीली सरसों से बट के पत्ते के ऊपर शिव गणपति कार्तिकेय एवं गौरी का पूजन किया जाता है। साथ ही दूर्वा सरसों अष्टगंध से चंद्रमा को अर्घ्य देकर एवं चलनी में चांद एवं पति के दर्शन किए जाते हैं। तत्पश्चात पति का पूजन किया जाता है साथ ही पति के मुख का दर्शन करने से स्त्रियों के सौभाग्य की वृद्धि होती है। इस व्रत को सौभाग्यवती माताएं बहिनें करती हैं। चंद्र दर्शन के पश्चात ही प्रसादी ग्रहण करती हैं। इस पर्व पर भी महिलाओं ने यह व्रत पूरे विधि विधान के साथ किया और शाम को भगवान, पति एवं चंद्रमा की पूजन कर पति के हाथ से जल पीकर व्रत खोला।

### मातृभूमि से अगाध प्रेम भारतीय मजदूर संघ की पहचान है : विभाग प्रमुख




**गंजबासौदा।** खेत में काम करने से लेकर हवाई जहाज उड़ाने वालों की भी भारतीय मजदूर संघ चिंता करता है। हम व्यक्तिनिष्ठ नहीं संगठननिष्ठ लोग है। हम सभी का एक ही भगवान हैं। मातृभूमि से अगाध प्रेम भारतीय मजदूर संघ की पहचान है। यह बात भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख महेंद्र सोनी ने मेलग्राउंड में आयोजित भारतीय मजदूर संघ की नगर बैठक में कही। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता में तीन गुण होना चाहिए मातृभूमि के प्रति अगाध श्रद्धा,अक्षय ध्येयनिष्ठा एवं परस्पर आत्मीयता का भाव। हम टोली भाव के साथ काम करते हैं, सामूहिक निर्णय लेते हैं। इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि म.प्र.राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष परसराम दुबे ने भारतीय मजदूर संघ की रीति नीति से अवगत कराते हुए कहा राष्ट्र,उद्योग एवं श्रमिक हितों को लेकर भारतीय मजदूर संघ कार्य करता है। उन्होंने जिले के सभी अधिकारी कर्मचारियों से स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग का भी आव्हान किया। इस मौके पर कृषि एवं ग्रामीण मजदूर महासंघ के प्रदेश महामंत्री भगवान सिंह कटारिया ने कृषि ग्रामीण मजदूरों की समस्याओं से अवगत कराते हुए उनके निदान का भरोसा दिलाया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुकेश चौरसिया ने पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता,स्वदेशी, नागरिक शिष्टाचार के बारे विस्तार से बताते हुए राष्ट्र की अखंडता को प्रगाढ़ता देने की बात कही। भारतीय मजदूर संघ के जिला उपाध्यक्ष सहज तेनगुरिया ने कार्यकर्ताओं ने अपने हितों की लड़ाई के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आव्हान किया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, भगवान विश्वकर्मा एवं संघ के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी के चित्र के समझ दीप प्रज्वलन कर की गई। संगठन का गीत अभिषेक चौकसे ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन आशीष दुबे किया एवं अंत में आभार प्रमोद चौरसिया ने माना। इस मौके पर कृषि एवम ग्रामीण मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष मोहन सिंह रघुवंशी, राज्य कर्मचारी संघ के जिला उपाध्यक्ष मनोज तिवारी,नीरज तेनगुरिया, देवेंद्र रघुवंशी, राजेश खन्ना, धर्मेंद्र मेना, अरविंद भार्गव, सुनील भावसार, देवेंद्र जैन,बृजेश रघुवंशी, प्रदीप साहू ,संजीव कुशवाहा, अंशु शर्मा, दशरथ दांगी, कैलाश जाटव, शिवम शर्मा ,दिनेश वाल्मीकि, सोनू विश्वकर्मा ,वीर सिंह परिहार, सुनील यादव, दीपक वाल्मीकि, विष्णु शर्मा, लीलाधर कुशवाहा ,नीलेश कुशवाहा ,सौदान मालवीय सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### अधेड़ ने पंखे से लटककर लगाई फांसी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को ग्राम बनवा जागीर निवासी 50 वर्षीय अधेड़ ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह परिजनों ने कमरे में देखा तो शव पंखे पर लटका मिला। परिजन उसे अस्पताल लेकर गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार देवीसिंह कुशवाह ने रविवार सुबह उस समय फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जब उसके दोनों पुत्र छोटू और निखिल काम पर चले थे और पत्नी मंदिर गई थी। परिजनों ने बताया कि एक वर्ष पूर्व मृतक के 22 वर्षीय बड़े पुत्र बंटी की मौत कैंसर की बीमारी के कारण हो गई थी। बेटे की मौत के बाद से मृतक गुमसुम रहता था। मानसिक रूप से बीमार भी हो गया था। सुबह जब घर में कोई नहीं था। तब उसने फांसी लगा ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

### अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी



**गंजबासौदा।** रविवार को बरींघाट मार्ग पर शनि मंदिर के आगे एक ट्रैक्टर ट्रॉली उस समय अनियंत्रित होकर पलट गया जब ड्राइवर द्वारा लापरवाही पूर्वत तेज गति से टैक्टर, ट्राली को चलाया जा रहा था। इस दौरान वह अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्डे में उतरकर पलट गया। इस घटना में ट्रैक्टर ड्रायवर बाल बाल बच गया। यह तो अच्छा हुआ कि जिस समय ट्रैक्टर, ट्राली अनियंत्रित होकर सड़क से उतरे उस समय कोई वाहन चालक या राहगीर उसकी चपेट में नहीं आऐ, नहीं तो कोई भी बडा हादसा हो सकता था।

### शिविर से स्काउट दल आया वापस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नवांकुर डॉल्फिन का 17 सदस्यीय दल पांच दिवसीय जिला स्तरीय द्वितीय सोपान जांच शिविर में सम्मिलित होकर शनिवार को वापिस आ गया। यह शिविर ब्रह्म समाज धर्मशाला विदिशा में आयोजित किया गया। जिसमें नवांकुर के 6 व डॉल्फिन के 10 स्काउट ने भागीदारी की। सभी स्काउट ने विद्यालय के स्काउट मास्टर भागीरथ शर्मा के प्रतिनिधित्व में भागीदारी की। वहां पांच दिन रहकर अनुशासन, सेवाकार्य व साहसिक गतिविधियां की गई। स्काउट दल के वापिस आने पर नवांकुर प्राचार्य शैलेन्द्र दीक्षित, डॉल्फिन प्राचार्य संदीप जेटली, संदीप जैन सहित पालकगणों ने स्काउट को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### चोरों ने दान पेटी से रुपए चुराए

**गंजबासौदा।** रेलवे स्टेशन के पास स्थित मिल माता मंदिर में बीती रात चोर ने परिसर में घुसकर दानपेटी से 8 हजार रुपए निकाल लिए। साथ ही कुर्ता में रखा की-पैड मोबाइल भी निकाल ले गया। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। मंदिर के पुजारी अनिल चतुर्वेदी ने बताया कि सुबह जब मंदिर खोला तो दान पेटी नीचे रखी हुई थी। सीसीटीवी कैमरे को देखा तो पूरी घटना का पता चला। चोर बाहर से पीपल के पेड़ से ऊपर चढ़कर मंदिर परिसर में पहुंचा। उसका आधा चेहरा रुमाल से बंधा था। चोरी को अंजाम देने के बाद जिस रास्ते से चोर आया था, उसी से वापस चला गया। सिटी कोतवाली में इसकी शिकायत दर्ज कराई गई है। जिसके बाद पुलिस ने घटना की जांच की।

### श्रमदान दल ने बेतवा नदी के रिपटा घाट पर चलाया सफाई अभियान

# साप्ताहिक श्रमदान अभियान का 4.0 चरण शुरू





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर में बेतवा नदी तो कोटा में चंबल नदी पर एक साथ नदियों की स्वच्छता का महाअभियान चल रहा है। दीपावली को महज दस दिन शेष है देश भर में जहां लोग अपने घर और प्रतिष्ठानों की साफ सफाई और रंग रोहन में लगे हुए हैं तो दूसरी ओर नदियों की स्वच्छता और पर्यावरण के संवर्धन के प्रयत्नरत शेष मात्र युवाओं का समूह श्रमदान दल जीवन दायनी नदियों को साफ और स्वच्छ करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म, जागरूकता संबंधी स्लोगन जैसे तमाम प्रयासों और प्रत्यक्ष आग्रह के बावजूद हमारे अपने समाज के, हमारे अपने नगर के लोग नदियों और घाटों के किनारो पर प्लास्टिक कचरा, पूजन हवन सामग्री, रासायनिक अवशिष्ट, मेडिकल सामग्री आदि को बेखौफ नदियों और घाटों पर डाल रहे हैं। नतीजन प्रति सप्ताह निरंतर घाटों से क्विंटलों कचरा निकलने के बाबजूद अगले सात दिन में स्थिति जस की तस नजर आती है।

रविवार को साप्ताहिक श्रमदान अभियान 4.0 के चौथे चरण के स्वच्छता कार्यक्रम में भी दल के सदस्यों द्वारा नदी के जल और घाट के किनारों से लगभग एक गाड़ी सूखा एवं गीला कचरा निकला जिसमें प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियां भी शामिल थीं। हाल ही में देश भर में नवरात्रि ओर दशहरा का त्यौहार मनाया गया। प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियों पर प्रतिबंध और दुर्गा प्रतिमा को नदियों से अलग कुंड में विसर्जन कराने संबंधी प्रशासनिक आदेश ओर इंतजामात एक बार पुनः कागजों तक ही सिमट कर रह गए। रिपटा घाट और गंज पुल के पास गणेश और दुर्गा प्रतिमाओं के अवशेष प्रशासनिक आदेशों की पोल खोलने के लिए काफी है। पर्यावरण संरक्षण से जुड़ने कानूनों में सशक्त बना कर उनको जमीनी स्तर पर लागू करना होगा। तब ही सही मायने में नदियों और उनके अस्तित्व को बचाया जा सकता है। चौथे चरण के स्वच्छता कार्यक्रम में नितिन अग्रवाल, जगदीश कुशवाह, राकेश रघुवंशी, गजराज राय, जसवंत सिंह राजपूत, दिनेश चौरसिया, योगेंद्र माझी, संस्कार अग्रवाल, मुकेश आदिवासी, आकाश जैन मौजूद थे। श्रमदान दल ने आमजन से नदी में कचरा न डालने की अपील की है, ताकि नदियां स्वच्छ हो सकें।

### सड़कों पर विचरण करते मवेशी बने लोगों की मुसीबत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के मुख्य मार्गों, गलियों एवं आसपास के क्षेत्र में सड़कों पर विचरण करते आवारा मवेशी दो पहिया, चार पहिया वाहन चालकों एवं पैदल राहगीरों के लिए मुसीबत का कारण बने हुए हैं। नगरपालिका द्वारा काऊ कैचर की मदद से आवारा मवेशी को पकड़कर गौशाला भेजा जा रहा है लेकिन पचमा से लेकर अंडिया, गुलाबगंज, अंबानगर, हतोड़ा, बरेठ, लाल पठार ओवरब्रिज सहित अनेक स्थानों पर दर्जनों की संख्या में मवेशी विचरण करते एवं सड़क पर बैठे रहते हैं। जिससे आए दिन वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। जिससे वाहन चालक और सवारियां ही नहीं मवेशी भी घायल हो रहे हैं। साथ ही आए दिन विवाद की स्थिति भी बन रही है। उधर नगर में आवारा मवेशियों के कारण यातायात प्रभावित हो रहा है। वहीं मुख्य मार्ग पर मवेशियों के झगडने से भी दुर्घटनाएं हो रही हैं।

नेहरू चौक से रेलवे स्टेशन तक घूमने वाले आवारा पशुओं के बीच होने वाली लड़ाई के चलते आए दिन नागरिक घायल हो रहे हैं। शनिवार को ऐसा ही एक मामला सामने आया। इसमें सुबह साढ़े नौ बजे दुर्गा प्रसाद रेलवे स्टेशन पर किसी रिश्तेदार को छोड़ने जा रहे थे, तभी अचानक दो मवेशी आपस में भिड़ गए। मवेशी लड़ते-लड़ते उनकी बाइक से टकरा गए। इससे उन्हें चोटें आईं। इसके अलावा उनकी बाइक की हेड लाइट भी टूट गई। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाना पड़ा। दरअसल सुभाष चौक से स्टेशन तक सड़क के किनारे सब्जी विक्रेता बैठते हैं। ये विक्रेता जो खराब सब्जी बचती है, उसे मार्ग पर ही फेंक देते हैं। इससे मवेशियों का झुंड सड़क पर एकत्रित हो जाता है और मवेशी आपस में लड़ जाते हैं एवं आसपास खड़े नागरिकों को भी घायल कर देते हैं। नपा द्वारा आवारा मवेशियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में सीमित मात्रा में सडक से पशुओं को हटाया जा रहा है। इसके कारण बचे हुए मवेशी अभी भी राहगीरों के लिए समस्या का कारण बने हुए हैं। नागरिकों ने नगर पालिका एवं प्रशासनिक अधिकारियों से जल्द से जल्द इन मवेशियों को पकड़कर गौशाला भेजने की अपील की है।

## खबर संक्षेप



### विदिशा जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल का निधन

**सिरोंज।** विदिशा जिला केमिस्ट एन्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल का रविवार को आकस्मिक निधन होने पर विदिशा जिला केमिस्ट एसोसिएशन में शोक की लहर दौड गई। इस मौके पर सिरोंज पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष एंव ड्रग एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राजीव जैन सैनानी ने अग्रवाल पर शोक श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुए उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया।

### आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया ने महाराष्ट्र विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर से की भेंट



**सिरोंज।** भारतीय पत्रकारिता जगत के सकारात्मक सोच की कलम रखने वाले आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया और जैन मुनिश्री निलेश ने महाराष्ट्र विधानसभा में स्पीकर राहुल नार्वेकर से सदिच्छा भेंट की। वहीं राहुल नार्वेकर ने हार्दिक हुंडिया का शाल पहनाकर सत्कार किया। इस अवसर पर आईजा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप बाफना एंव उपाध्यक्ष राजीव जैन सैनानी ने उन्हें बधाई दी।

### पुलिस स्मृति दिवस आज

**सागर।** पुलिस स्मृति दिवस 21 अक्टूबर के अवसर पर खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत आज सुबह 8:00 बजे मकरोनिया स्थित 10वीं बटालियन पहुंचेंगे जहां पुलिस स्मारक पर शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

### कृषि उत्पादन आयुक्त की समीक्षा बैठक आज

**सागर।** 21 अक्टूबर को कृषि उत्पादन आयुक्त की समीक्षा बैठक सुबह 10 बजे कलेक्टर कार्यालय में आयोजित होगी। बैठक का मुख्य उद्देश्य खरीफ 2024 की फसलों की स्थिति की समीक्षा करना और रबी 2024-25 के लिए प्रभावी तैयारी सुनिश्चित करना है।

### आयुर्वेद नवाचार और उद्यमिता गतिविधियां की

**सागर।** संचालनालय आयुष विभाग एवं जिला आयुष अधिकारी जोगेंद्र सिंह ठाकुर सर के मार्गदर्शन में 9 वें आयुर्वेद दिवस कार्यक्रम 'वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद ' के परिपालन आयुर्वेद नवाचार और उद्यमिता गतिविधियों के अंतर्गत जिला आयुष चिकित्सालय सागर द्वारा नागरिकों को आयुर्वेद में व्यवसायिक अवसरों को समझाने हेतु अश्वगंधा की खेती एवं अन्य औषधीय पौधों की खेती हेतु प्रोत्साहित और समझाइश दी गई।

### एमपी किसान पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य

**सागर।** कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत बीज, सिंचाई यंत्र एवं अनुदान सामग्री का लाभ लेने के लिए जिले के कृषक किसान पोर्टल एमपी किसान पर ऑनलाइन पंजीयन करायें। पंजीयन के लिए वेबसाइट के माध्यम से स्वंय या नजदीकी एमपी ऑनलाइन केंद्र पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। कृषि योजना मे पंजीयन करने के लिए वेबसाइट पर पंजीयन विकल्प पर क्लिक करें। पंजीयन के लिए जरूरी दस्तावेज जो संलग्न होने की जानकारी दी जाती है जैसे कृषक का आधार कार्ड, कृषक की भूमि से सम्बंधित जानकारी, कृषक की समग्र आई.डी, कृषक का जाति प्रमाण-पत्र यदि आवेदक अनु.जाति, अनु. जनजाति का हो तो जानकारी प्रदान करें।

## कार्यक्रम में सिनीयर सिटीजन ने लोगों का जीता दिल

# हो गए साठ के लेकिन हौंसले अभी भी सोलह के हैं: हार्दिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



लोढ़ा प्रीमों बेंकवेट हॉल में 60 साल के ऊपर जोडों का एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। फ़न एंड एंजॉय ध क्लब के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हार्दिक हुंडिया ने कहा कि आप सब हो साठ साल के ऊपर लेकिन आप की प्रवृत्तियां और जोश देखकर के लगता है कि आप 16 साल के हो, आप लोग जिस तरह तैयार होकर के आये हो। फेन्सी ड्रेस में अलग अलग रूप में आप सब बहुत ही मनमोहक लगते है।

हार्दिक हुंडिया ने कहा यहां जो भी फेन्सी ड्रेस या अलग अलग हरीफाइ में हिस्सा लिया है वो सब कला के राजा हैं,आप सभी को देखकर के ऐसा लगता है कि एक राजस्थानी फ़िल्म बना दूं। तो वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांति शाह ने कहा कि इस उम्र में भी आप के जज्बे को सलाम है, हार्दिक भाई राजस्थानी फ़िल्म बनाओ तो फ़ाइनेंस मैं कर देता हूं,फ़िल्म के कलाकारों को बाहर ले जाने की ज़रूरत नहीं है,कला यहां ही भरपूर है। तो वही रेखा शाह ने कहा कि आप इसी तरह कला के क्षेत्र में बहुत आगे बढ़े। तो वही सुनीता हुंडिया ने कहा की आप के ड्रेस,नृत्य देखकर के हमे भी निर्णय लेने में बहुत तकलीफ़ हुई है क्यों की आप सभी ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। एक से बढ़कर एक परफोर्म करने वाले क्लब के आयोजक अमृत जैन ने बताया कि अग़र उम्र ज्यादा हुई है तो क्या,हमारे ग्रुप के सदस्य का दिल आज भी बचपन का रखते है। रमेश जैन ने बताया कि 60 साल के ऊपर का हर कपल एंजॉय करे। यही इस क्लब का मुख्य उद्देश्य है। एक विजेता ने बताया कि हमे तो हमारी बहू ने कहा आप दोनों इस डांडिया का ड्रेस पहन के जाओ। इस तरह का प्यार सासु बहू का सुनकर लोगों को बहुत अच्छा लगा। इस मौके पर निर्णायक की भूमिका में सुनीता हार्दिक हुंडिया, रेखा कांति शाह थे। तो वही प्रतियोगिता में शामिल हुए सभी विजेता कलाकारों को इनाम से सम्मानित किया। इस अवसर पर हार्दिक हुंडिया ने कहा कि वास्तव में उम्र तो सिर्फ नंबर है, जीवन जीने का जज्बा और उत्साह और उमंग इस सुंदर कार्यक्रम में देखने को मिला जो वास्तव में बहुत ही आवकार्य है ऐसे कार्यक्रम के आयोजन से सीनियर सीटीज़न की जीवन शैली आनंद और उमंग में परीवरर्तित हो जाती है।

वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में अमृत टी जैन, शांतिलाल एस जैन, ललित चौहान, दिलीप पी जैन, हस्तीमल दौलानी, अशोक जैन, महेंद्र जैन, अशोक एल जैन, अशोक चौहान, भारती अमृतलाल जैन, पुष्पा चौहान, गीता दोलानी, अरुणा चौहान ने भूमिका निभाई।



## शा. लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में युवा उत्सव का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार नगर के कुरवाई रोड स्थित शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय में तीन दिवसीय युवा-उत्सव का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

16 अक्टूबर को रंगोली,पोस्टर मैकिंग एवं क्ले मॉडलिंग की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रोफ़ेसर अनामिका ठाकुर, डॉक्टर सोनिया पटेल ,डॉ.चमका गहलोद, डॉ. रूबी ताम्रकार, प्रोफ़ेसर संघप्रिय गौतम,प्रोफ़ेसर संजय वर्मा,प्रोफ़ेसर राहुल गोड़, प्रोफ़ेसर बी.एल. टाण्डेकर एवं दीप्ति शर्मा ने निर्णायक की भूमिका निभाई। तो वही पोस्टर-मैकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शीतल नगीना, द्वितीय स्थान निशा नामदेव,तृतीय स्थान नीतेश कुशवाह ने प्राप्त किया। साथ ही क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गरिमा ठाकुर व द्वितीय स्थान पर मोहनी कुशवाह रही। इसी के साथ 18 अक्टूबर को प्रश्न मंच कोलाज एवं कार्टूनिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रोफ़ेसर एस.आर.तिवारी,दीपक सोलंकी, डॉ. अभिषेक चौहान,भगवत सिंह पाल,निधि मसीह,साधना कुमारी झा, डॉ.पूजा मिश्रा ,डॉ.विभा श्रीवास्तव, क्रांति चौधरी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रश्न मंच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निशा नामदेव, द्वितीय स्थान दो विद्यार्थियों उमा पाल एवं हर्षवर्धन शर्मा तृतीय स्थान रिषिता साहू ने प्राप्त किया। कोलाज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कृतिका लखपति, द्वितीय स्थान वैष्णवी बघेल एवं तृतीय स्थान शीतल नगीना ने प्राप्त किया। कार्टूनिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आशी नेमा द्वितीय स्थान रिषिता साहू एवं तृतीय स्थान शिवराम राजपूत ने प्राप्त किया। तो वही 19 अक्टूबर को वाद - विवाद एवं मिमिक्री प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रोफ़ेसर महेश भाबौर, डॉ.समृथ निनामा, भगवत सिंह पाल, दीपक सोलंकी, डॉ.चमका गहलोद, संघप्रिय गौतम ने निर्णायक का कार्य किया।

वाद- विवाद प्रतियोगिता में पक्ष में प्रथम स्थान उमा पाल द्वितीय स्थान रिषिता साहू एवं तृतीय स्थान शिवम ने प्राप्त किया विपक्ष में प्रथम स्थान यशपाल राजपूत एवं द्वितीय स्थान राजू अहिरवार ने प्राप्त किया। मिमिक्री प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नेहा साध द्वितीय स्थान रिषिता साहू एवं तृतीय स्थान शिवम सेन ने प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में युवा उत्सव समिति के सदस्यों डॉक्टर कल्पना पंचोली एवं डॉक्टर किरण बंसीवाल एवं समस्त महाविद्यालय परिवार का सहयोग कर रहा। इस मौके पर प्राचार्य डॉक्टर लाल चंद्र राजपूत ने विद्यार्थियों को बधाई प्रेषित की।

## श्रीमाली समाज तरुण मंडल ने बच्चों को किया पुरस्कारों का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



नवरात्रि में माता रानी के मंदिरों व झांकियों में सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को श्रीमाली समाज तरूण मंडल द्वारा पुरस्कार वितरण किए। इस अवसर पर श्रीमाली समाज के अध्यक्ष केके माली ने बताया कि नवदुर्गों में माता रानी की झांकी के समक्ष मंदिर में बच्चों ने सांस्कृतिक गतिविधियां की थी उन बच्चों को पुरस्कार स्वरूप एक शील्ड और प्रमाण पत्र श्रीमाली समाज तरुण मंडल की ओर से पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए गए। श्रीमाली समाज तरुण मंडल के तत्वाधान में आगे भी ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष आयोजित होते रहेंगे और बच्चों का उत्साह वर्धन बढ़ाते रहेंगे। वही उन्होने कहा कि बच्चों के उत्साह वर्धन हेतु ऐसे कार्य करते रहेगें। समाज को जागरूक करना तथा छोटे-छोटे बच्चों को आगे बढ़ाना ही मेरा और मेरी समिति का उद्देश्य है। ऐसे कार्य में समाज का पूर्ण सहयोग प्राप्त होता है।

## श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड कंपनी ने छात्र-छात्राओं को बांटी छात्रवृत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड कंपनी ने स्कूली छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति एवं कंपनी की ओर से प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कंपनी की ओर से छात्रवृत्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं के परिवार के लोग उपस्थित हुए।

कंपनी की ओर से लगभग 125 छात्रों को छात्रवृत्ति के प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित थाना सिरोंज से प्रधान आरक्षक गोविंद यादव ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग हमेशा सजग रहे और जो भी परेशानी हो अपने माता-पिता को बताएं। बच्चों के माता-पिता ही भगवान होते हैं और कभी भी कोई परेशानी आती है तो भगवान के बाद हमेशा लोग पुलिस को याद करते हैं। मैं सभी छात्र-छात्राओं से यही कहना चाहता हूं कोई भी बात ना छुपाए अपने माता-पिता को बताएं। वही सेल्समैन गोविंद रघुवंशी ने कहा कि अच्छा पढ़ो लिखो और अपना एवं परिवार का नाम रोशन करो और छात्रवृत्ति कंपनी की ओर से लो। इस दौरान अतिथि के रूप में पधारे सभी लोगों का कंपनी की ओर से गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। वही अनिकेश जैन ने सभी लोगों को संबोधित करते हुए कंपनी के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि कंपनी जल्द ही गोल्ड लोन का काम भी प्रारंभ करने जा रही है। कम्पनी बिजनिस लोन ओर अन्य लोन भी करती है। श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड कंपनी के ब्रांच मैनेजर नीरज राठौर ने आए हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान मेसी शोरूम के संचालक अनस खान, विमल वेदी कलेक्शन मैनेजर इल्यास खान, लखन वर्मा, गोविंद, सलमान अमीन, वसीम अख्तर उपस्थित हुए।

## राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2024 पूर्ण निष्पक्षता व गंभीरता से सफलता पूर्वक सम्पन्न कराए: संभागायुक्त रावत

**सागर।** मप्र. लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2024 इस वर्ष 21 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक शहर के 01 परीक्षा केंद्र- शास. स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सागर पर एक सत्र में प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक आयोजित की जाएगी। राज्य सेवा मुख्य परीक्षा का 25 अक्टूबर को होने वाली परीक्षा का समय प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक रहेगा व 26 अक्टूबर को होने वाली हिंदी निबंध की परीक्षा का समय ही प्रातः 10:00 बजे से 12:30 बजे तक रहेगा । इस परीक्षा हेतु जिला मुख्यालय सागर में 113 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगें । ततसम्बंध में सागर संभाग के संभागायुक्त वीरेंद्र सिंह रावत ने शहर के परीक्षा केंद्र के प्राचार्य एवं केंद्र अधीक्षक, केंद्र प्रेक्षक, फ़लाईंग स्कॉड, पुलिस नोडल अधिकारी, बिजली विभाग व परीक्षा में संलग्न अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2024, म.प्र. लोक सेवा आयोग की सबसे महत्वपूर्ण परीक्षा होती है व इस परीक्षा के संचालन में किसी भी तरह की कोताही न बरती जाए।



सागर । होटल वरदान सिविल लाइन में सामूहिक करवा चौथ की पूजा करती महिलाएं। सामूहिक करवा चौथ का यह है 48 ब वर्ष है।

## स्वच्छता से दिव्यता तक अभियान का समापन

**सागर।** सत्य साई सेवा संगठन ने 'स्वच्छता से दिव्यता तक' अभियान 2 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक चलाया गया। रविवार को इस यज्ञ की पूर्णाहुति सुबह पहलवान बब्बा मंदिर में सफाई के साथ हुई। सेवादल ने पूर्णाहुति के साथ नए सेवा संकल्प लिए। जिसमें नवंबर में होने वाले विश्व अखंड भजन, साई जन्मोत्सव, वेद पाठ, भजन, नारायण सेवा, बाल विकास कक्षाओं को बढ़ाना और पादुका रथ आने के दायित्व शामिल हैं। सेवादल में जिलाध्यक्ष श्रीराम दुबे, संयोजक जितेंद्र यादव, बीके गुरु, करुणा गुरु, कीर्ति दुबे, ऋषिका विश्वकर्मा, संजीव सुहाने, प्रशांत भट्ट, सुशील भार्गव, सुरेश साहू, रमेश विश्वकर्मा, हरगोविंद पटेल, सतपाल यादव, राजू प्रजापति उपस्थित थे।

## शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रजौआ की छात्राओं ने राज्य में प्राप्त किया स्थान



**सागर।** आइकफ आश्रम भोपाल में 15 एवं 16 अक्टूबर को आयोजित राज्य स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता में जहाँ पं. रविशंकर शुक्ल विद्यालय सागर की छात्राओं ने गायन में प्रथम स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपनी जगह सुनिश्चित की। वहीं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रजौआ की कलाकार छात्राओं कु पूनम यादव एवं मधुकामिनी कुशवाहा ने विद्यालय में उपलब्ध अल्प संसाधनों में ही निर्देशिका विनीता दुबे, जयंत विश्वकर्मा, रामगोपाल ठाकुर के मार्गदर्शन में पारंपरिक कहानी वाचन विद्या में पूरे राज्य में तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी कला का परचम लहराया।छात्राओं की इस उपलब्धि पर जेडी मनीष वर्मा, संकुल प्राचार्य महेंद्र प्रताप तिवारी, प्राचार्य जे. पी. सोनी सहित सम्पूर्ण विद्यालय परिवार एवं ग्रामवासियों ने हर्ष व्यक्त किया।

## महापौर संगीता तिवारी से मिले कर्मचारी संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारी

**सागर।** नगर निगम सागर की महापौर संगीता सुशील तिवारी और महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी से नगर निगम कर्मचारी कल्याण संघ के नव निर्वाचित अध्यक्ष हरेंद्र खटीक और सचिव माधव चढ़ार ने महापौर निवास में भेंटकर आशीर्वाद लिया। महापौर तिवारी ने उनको बधाई दी और जनहित और कर्मचारियों के हित में कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की। इस मौके पर महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नगर निगम परिवार में कर्मचारियों के हितों के लिए यह संघ बना है। इसका गठन एक प्रक्रिया है। मेरा आग्रह है कि सभी कर्मचारी और नगरनिगम परिषद मिलकर सागर शहर के विकास के लिए कार्य करे। कर्मचारियों के कल्याण की जिम्मेदारी संघ के साथ ही हम सभी की है।




**सागर।** श्री धाम वृंदावन से सागर के बड़ा बाजार में श्री भक्तमाल कथा हेतु पधारे स्वामी श्री किशोर दास जू महाराज का महापौर संगीता तिवारी और महापौर प्रतिनिधि डा सुशील तिवारी ने स्वागत कर आशीर्वाद लिया।

## बड़ा बाजार क्षेत्र में प्रारंभ हुई किशोरदास जी महाराज के मुखारविंद से भक्तमाल कथा

# कलयुग में केवल राम का नाम ही आधार: किशोरदास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर



शहर के मिनी वृंदावन कहे जाने वाले बड़ा बाजार क्षेत्र में परम पूज्य रसिक संत श्री 1008 श्री महंत श्री स्वामी पंडित किशोरदास जी महाराज श्री गोरेलाल कुंज श्री धाम वृंदावन से पधारे गुरुवर ने प्रथम दिवस श्री देव अटल बिहारी जी मंदिर प्रांगण बड़ा बाजार में श्री देव अटल बिहारी जी की पूजा अर्चना की। कथा में प्रदेश कार्य समिति सदस्य शैलेश केशरवानी, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल तिवारी, वरिष्ठ नेता अनुराग प्यासी, भरत नेमा, पंडित अमित मिश्रा सहित जै जै शिष्य मंडल एवं भक्त मंडल सागर द्वारा पूज्य गुरुदेव का पुष्पमाला से स्वागत का आशीर्वाद लिया।

पूज्य गुरुदेव ने अपनी अमृतवाणी में कहा कि गूँगा बोल सकता है । बहरा सुन सकता है लंगड़ा चल सकता है लेकिन कब, जब ठाकुर की कृपा होती है। जहां हमारी पहुंच नहीं, जहां हम पहुंच नहीं पाते वहीं श्यामा जू बिहारी जी कृपा करते हैं। हमें बिहारी जी सरकार से अपने जीवन में भौतिक वस्तुएं नहीं मांगनी चाहिए अगर मांगना ही है तो चरणों की सेवा हमें मांगना चाहिए दास को इन कमल रूपी चरणों की सेवा चाहिए। भजन की महिमा ऐसी होती है कि हमें मांगना नहीं पड़ता श्री ठाकुर जी को प्रसन्न कर लो तो यह भौतिक वस्तुएं बिन मांगे अपने आप आपके पास आएंगी। यह जो हमारी पलकें हैं उनको उठाया नहीं जाता यह तो अपने आप कार्य करती हैं ऐसे ही कृपा करुणा के द्वारा ठाकुर जी हमें प्रदान करते हैं हर क्षण हर पल आपकी कृपा बनी रहे कि हम आपको भजते रहे अंतःकरण में भक्ति विराजमान हो हे नाथ है मेरे नाथ यह शब्द भीतर से हो दिखावा नहीं, क्योंकि ठाकुर जी के चरणों में तो हृदय से भक्ति करना चाहिए यही सच्चाई ही काम आएगी जो हमारे हृदय से भाव निकलते हैं। आप बड़ा बाजार में श्री बांके बिहारी जी को वृंदावन धाम के ठाकुर जी को भजन यहां श्री ठाकुर जी के चरणों को देखकर तो भी आपको यही से श्री धाम वृंदावन के श्याम जू को सुमर सकते हैं और आपको यही अनुभूति होगी। कि आप साक्षात वृंदावन में हो भक्ति मार्ग ही केवल ऐसा मार्ग है अगर इस मार्ग का जीवन में अनुसरण कर लिया तो आपको सीधे ठाकुर जी अपने चरणों से प्रीत लगा देते हैं। कलयुग में केवल राम का नाम ही आधार है। आप केवल कम करें और केवल नाम जाप करें। नाम जाप से आपका उद्धार कलयुग में संभव है। मनुष्य मन इतना स्वार्थी है कि वह चाहता है कि उसके जीवन में कभी दुख कष्ट ना आवे। जब भगवान को भी 14 वर्ष वनवास बिताना पड़ा। पांडवों को अज्ञातवास जाना पड़ा। भगवान श्री कृष्ण के माता-पिता को अपना जीवन करावास में बिताना पड़ा तो फिर तो हम मनुष्य है। और इस मानव जीवन में उतार-चढ़ाव आते हैं। परंतु इस उतार-चढ़ाव के समय में हम अगर भगवान का केवल जाप करते रहे तो उनसे बाहर निकालने की हमें शक्ति ईश्वर देता है। इसलिए कलयुग में कर्म करें और भगवान के नाम का खूब जाप करें।

इस अवसर पर अनुराग पाठक, प्रभात मिश्रा, अनिल दुबे, अजय दुबे, विनय मिश्रा संजू जड़िया, अमित सोनी, मोहनेश ,अब्बी साहू, दीपक, आदित्य पांडे, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित रहे।



## आम आदमी पार्टी जिला सागर कार्यकारिणी की बैठक संपन्न, संगठन पर हुई चर्चा

**सागर।** रविवार को दीपक होटल सिविल लाइन सागर में जिला अध्यक्ष इंजी डीके सिंह की अध्यक्षता एवं जिला कार्यकारिणी पदाधिकारी की उपस्थिति में आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक में नए सिरे से संगठन विस्तार संबंधित चर्चा एवं कार्य योजना पर चर्चा की गई , नवनिवयुक्त सागर जिला अध्यक्ष इंजी डीके सिंह की अगुवाई में सभी पदाधिकारी ने पार्टी के संगठन में जान फूंकने एव तन मन धन से काम करने के लिए अपने-अपने विचार एवं सुझाव दिए । जिले के नवनियुक्त पदाधिकारियो से चर्चा के दौरान इंजी डी के सिंह ने प्रेसवार्ता में मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि सागर जिले में जल्द ही पार्टी जिले विधानसभा, एवं ब्लॉक स्तर पर कार्यकर्ताओं की फौज खड़ा करके अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी को मजबूत करेगी। पार्टी के सभी पदाधिकारी ने इंजी डीके सिंह को जिलाअध्यक्ष बनाये जाने पर मालाओ से स्वागत किया। आम आदमी पार्टी मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत राज ने मीडिया को बताया कि आज के जिला कार्यकारिणी की इस बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के जिला अध्यक्ष इंजी डीके सिंह, जिला उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह राजपूत, जिला उपाध्यक्ष राधे मिश्रा, जिला सचिव हृदेश पाटकर, जिला यूथ विंग के अध्यक्ष शैलेंद्र यादव उपस्थित थे।

**समस्या:** बारिश में हर साल नरखेड़ा-खेड़ागांव के बीच वाली पुलिया की बह जाती है मिट्टी

# ग्रामीण व किसान स्वयं से पैसे इकट्ठे कर डलवाते हैं टूटी पुलिया में मिट्टी, तब हो पाता है आवागमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांची ब्लाक के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत नरखेड़ा के ग्राम खेड़ा के रहवासी कई वर्षों से सड़क नहीं बनने, बारिश में पुलिया के साइडों की मिट्टी बहने से परेशान हो रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार ग्राम पंचायत और सांची ब्लॉक में इस सड़क पुलिया को बनाने के लिए आला अधिकारियों को आवेदन कर चुके हैं। सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज करा चुके हैं इसके बाद भी कोई भी अधिकारी खेड़ा गांव की तरफ ध्यान नहीं दे रहा है।

बारिश के समय खेड़ा गांव के लोगों का सड़क मार्ग तक आना नामुमकिन हो जाता है यह लोग 4 महीने का राशन बारिश के पहले ही लेकर अपने घरों में रख लेते हैं। क्योंकि बारिश हो जाने के कारण यह लोग सड़क तक भी नहीं पहुंच पाते है। अगर किसी महिला की डिलेवरी होना हो या कोई बीमार हो जाए तो अस्पताल तक पहुंचना नामुमकिन हो जाता हैं।

हर साल बारिश में खेड़ा और नर खेड़ा के बीच में बनी पुलिया की मिट्टी बह जाती है, जिससे यह मार्ग पूरी तरह से हर साल बंद हो जाता है। 2 साल पहले सरपंच रामदयाल लोधी ने अपने खुद के खर्चे से पुलिया पर मिट्टी डलवा कर रास्ता चालू करवाया था। इससे पहले सभी गांव वासियों ने मिलकर कई बार पुलिया के बहने पर मिट्टी डलवाकर रास्ता चालू करवाते थे। तब जाकर चार गांव के ग्रामीण इधर से उधर जा पाते हैं। यहां पलिया सरार पंचायत द्वारा कई वर्षों पहले बनाई गई थी।

देवेंद्र मीणा, महाराज सिंह, फूल सिंह, हुकुम सिंह, हमीर सिंह, थान सिंह, सुरेश सिंह, लाल सिंह, बाबूलाल, प्रीतम सिंह, हल्के सिंह, हरिनारायण आदि की जमीन इस पार, उस पार पड़ती है। पुलिया की मिट्टी बहने से किसान अपनी जमीन में बोई हुई फसल काट नहीं पा रहे हैं और ना ही वो पा रहे हैं। गांव के किसानों ने बताया कि हम हर साल इस पुलिया के लिए पैसा इकट्ठा कर मिट्टी डलवा कर रास्ता चालू करते हैं।

इस साल भी हम सभी किसानों ने 80 से 90 हजार रुपए इकट्ठा कर मिटटी डलवा रहे हैं ताकि हम अपने खेतों तक पहुंच सके और खेती कर सके। हमारे खेतों में धान और सोयाबीन पक चुके अगर समय रहते उनको नहीं काटा गया तो हमें काफी नुकसान होगा।





### वादा करके गए नेता, चुनाव बाद नहीं दिया कोई ध्यान

*ग्रामीणों का कहना है कि कई बार विधायक और सरपंच वादा करते हैं और चुनाव होने के बाद इस गांव की तरफ ध्यान नहीं देते पंचायतों में भी कई बार सरपंच चुने गए मगर किसी भी सरपंच ने इस गांव तरफ ध्यान नहीं दिया। कई किसानों की जमीन नदी के उस पार पड़ती है पुलिया की मिट्टी बह जाने के कारण ट्रैक्टर ट्राली भी नहीं जा पा रही है कुछ बच्चे इसी मार्ग से होते हुए दीवानगंज हाई सेकेंडरी स्कूल, बेरखेड़ी चौराहा के स्कूल, सलामतपुर स्कूल तक जाते हैं क्योंकि खेड़ा में पांचवी तक ही स्कूल है इसके बाद आगे पढ़ने के लिए बच्चों को दूसरे गांव जाना पड़ता है।*

### बह जाती है मिट्टी

*दो साल पहले मैंने अपने खर्चे से पुलिया में मिटटी डलवा कर मार्ग चालू करवाया था इस साल फिर पुलिया की मिट्टी बह गई है। हर साल पुलिया की मिट्टी बह जाती है मैंने कई बार उच्च अधिकारियों को इस विषय में अवगत कराया है।*

*- **रामदयाल लोधी**, सरपंच नरखेड़ा*

### परेशान हो रहे ग्रामीण

*नरखेड़ा और खेड़ागांव के बीच में पड़ने वाली नदी पर कुछ वर्ष पूर्व पंचायत द्वारा पुलिया का निर्माण कराया गया था। मगर पानी ज्यादा आने के कारण पुलिया की मिट्टी बह जाती है, जिससे चार गांव के ग्रामीण परेशान हो रहे है।*

*- **नरेश चौधरी**, सरपंच, सरार*

किसान धनीराम लोधी, छोटेराम लोधी, दीनदयाल लोधी, खिलान सिंह लोधी, मेहताब सिंह लोधी, हल्केराम लोधी ने बताया कि हर साल पुलिया की मिट्टी बह जाती है, जिस कारण हम किसान अपनी खेती सही समय पर नहीं कर पा रहे हैं। हमें कोई सहायता भी सरकार से नहीं मिल पा रही है हम आवेदन दे दे कर थक चुके हैं।

**दुर्घटना में बाल-बाल बचे सीइओ**

## सांची यूनिवर्सिटी के सीईओ की कार पुलिया से टकराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

रविवार सुबह लगभग 11 बजे रायसेन जिले के सांची विदिशा रोड पर सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय के सीइओ डॉ हरीश चंद्रवंशी की कार एक दुर्घटना का शिकार हो गई। कार का अगला टायर अचानक फटने के कारण कार अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई।

टक्कर के बाद कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, हालांकि, कार में बैठे सीओई डॉ हरीश चंद्रवंशी को हाथ पैर में चोटें आई हैं। कार के एयरबैग खुलने की वजह से ज्यादा गंभीर चोटें नहीं आई हैं। घायल को मौके पर पहुंची 108 एम्बुलेंस से विदिशा मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार डॉ



हरीश चंद्रवंशी अपनी कार एमपी40 सीए 0051 से विदिशा से सांची यूनिवर्सिटी जा रहे थे। रविवार को यूनिवर्सिटी में टेस्ट था। टायर फटने के बाद डॉ हरीश चंद्रवंशी ने कार पर नियंत्रण पाने की कोशिश की, लेकिन कार सीधे पुलिया से टकरा गई। दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और घायल को कार से बाहर निकाला। 108 एंबुलेंस से विदिशा मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया।

## 20 हजार की अवैध सागौन की चिरान जब्त

**सिलवानी।** वन तथा पुलिस विभाग ने संयुक्त कार्रवाही करते हुए 20 हजार की अवैध चिरान जब्त करने में सफलता हासिल की। आरोपी वाहन पंचर होने पर छोड़ कर भाग गए। वन विभाग द्वारा अज्ञात आरोपियो की पतासाजी की जा रही हैं। उप वन मंडल अधिकारी सामान्य इंद्र सिंह के निर्देशन तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी आदर्श मिश्रा के मार्गदर्शन में वन कर्मियो ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाही की। आरोपी अवैध रुप से लकड़ी को 4 पहिया वाहन क्रं एमपी 04-एनजी 0150 में परिवहन कर रहे थे। उक्त वाहन बम्होरी-उदयपुरा जोड़ पर पंचर हो गया, तभी पुलिस तथा वन कर्मियों को आता देख आरोपी वाहन छोड़ कर भाग गए। वन कर्मियों ने वाहन जब्त कर लिया है।

**राज्यमंत्री पटेल ने किया भूमि पूजन**

## 93 लाख की लागत से बनेगी 1000 मीटर लंबी सीसी सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नगर परिषद के द्वारा मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना अंतर्गत हीरो होण्डा शोरूम किनगी रोड से किनगी वाले धाकड़ के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल के द्वारा किया। सीसी सडक़ निर्माण को लेकर नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी ने बताया कि उक्त सड़क की लंबाई 1000 मी. एवं चौड़ाई सात मीटर मीटर है जिसकी लागत -93.47 लाख है।

भूमि पूजन के दौरान मंत्री पटेल ने कहा कि उक्त सड़क निर्माण को



लेकर यहां निवास करने वाले यहां से आने-जाने वाले सभी लोग लाभान्वित होंगे। इस दौरान नपा उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत, सीएमओ हरिशंकर वर्मा, एसडीएम संतोष मुद्गल, एसडीओपी सुरेश दामले, तहसीलदार रामजीलाल वर्मा सहित पार्षद और गणमान्य नागरिक एवं भाजपा के नेताओं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# रविवार व करवा चौथ एक साथ होने से हाटबाजार में रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

करवा चौथ को लेकर रविवार को हाट बाजार मैं महिलाएं की सामान खरीदते हुए काफी भी नजर आई। करवा चौथ का दिन होने के चलते महिलाओं के स्वागत और खरीदारी के लिए हाट बाजार पूरी तरह से सज चुका था। भवानी चौक दीवानगंज, पोस्ट ऑफिस, इच्छापूर्ति हनुमान मंदिर पर दुकानें में नई-नई वैरायटी तैयार कर ली गई हैं। वहीं ग्राहकों के नए-नए ऑफर भी दिए जा रहे थे। खरीदारी करने के लिए महिलाओं का हाट बाजार में सुबह से ही आना शुरू हो चुका था। दुकान दार द्वारा ग्राहकों को लुभाने के लिए नए-नए ऑफर भी दिए जा रहे थे। ज्वेलरी से लेकर कपड़े मेकअप सामग्री सभी की बिक्री में इजाफा हुआ। खरीदारी करने के लिए महिलाएं पूरे जोश के साथ हाट बाजार मैं पहुंची। करवाचौथ को लेकर क्षेत्र के बाजार गुलजार थे। नवरात्र और दीपावली के बीच पड़ने वाला यह पर्व दूसरा सबसे बड़ा पर्व है।



महिलाओं ने इस त्योहार को लेकर संजने संवरने को लेकर जमकर खरीददारी की। हाट बाजार में श्रृगांर के सामान की दुकानों पर महिलाओं की अच्छी खासी भीड़ देखी जा रही थी। जिन सुहागिनों का पहला करवाचौथ है, उनमें काफी उत्साह देखा जा रहा था। दीवानगंज के हाटबाजार मैं श्रृंगार समेत अन्य चूड़ी, बिंदी, लिपिस्टिक आदि श्रृंगार के सामान खरीद रही थी। दुकानों पर नई नई वैराइटी के श्रृंगार के सामान उपलब्ध थे। करवा चौथ को लेकर अधिकांश ब्यूटी पार्लर की बुकिंग पहले से शुरू हो गई थीं।

मेहंदी के लिए अतिरिक्त व्यवस्था भी की गई थी। करवा चौथ पर पार्लर में मेहंदी लगवाने वाली महिलाओं की बुकिंग पहले ही हो चुकी थी। महिलाओं की साड़ी दुकानों पर कभी भीड़ देखी गई। करवा चौथ के दिन महिलाएं ने आभूषण की जमकर खरीददारी की।

ऐसे में सर्राफा बाजार में विभिन्न दुकानों पर आभूषण खरीददने के लिए महिलाओं की भीड़ देखी गई। महिलाएं आभूषण के साथ साथ चांदी के करवे भी खरीद रही है। करवा चौथ को लेकर महिलाएं मंगलसूत्र, चूड़ी, अगूंठी, हार आदि खरीद रही थी।

### नवदंपत्ति ने पहले करवा चौथ पर पति की लंबी उम्र के लिए रखा निर्जला व्रत

**बाड़ी।** नगर बाड़ी के बहुचर्चित एवं सनातन धर्म के प्रति अपना सदैव योगदान देने वाले गौसेवक मोंटी बैरागी जिनका अभी हाल ही में कुछ समय पूर्व विवाह संपन्न हुआ है। करवा चौथ का यह पर्व दोनों के जीवन का प्रथम पर्व है जिसको सफल बनाने में उनकी धर्म पत्नी पूजा बैरागी ने उनके प्रेम और लंबी आयु के लिए निर्जला व्रत रखा है। चंद्र दर्शन के बाद ही व्रत का परायण होगा यह करवाचौथ का व्रत प्रत्येक महिला के जीवन का एक खाश पल होता है, जिसका सभी महिलाएं सम्पूर्ण साल इंतजार करती है।



# पथ संचलन: भारत माता का जयघोष कर कदम ताल करते हुए निकले स्वयं सेवक

◆ नागरिकों ने पथ संचलन में स्वयंसेवकों पर पुष्प की वर्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

रविवार को नगर में आरएसएस का पथ संचलन निकाला गया। पथ संचलन में सहभागिता कर रहे स्वयं सेवक पूर्ण गणवेश धारण कर कदम ताल कर भारतमाता का जयघोष करते हुए नगर की सड़को पर निकले तो समूचा माहौल राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत हो गया।

उत्कृष्ट विद्यालय परिसर से पथ संचलन दोपहर के समय प्रारंभ हुआ, जो कि पुराना बस स्टैंड, शिवाजी नगर, तहसील तिराहा, शनिचरा, होली चौक, बुधवारा बाजार, आजाद मार्केट, कुशवाहा धर्मशाला, सियरमऊ रोड, बजरंग चौराहा आदि स्थानों से गुजर कर प्रारंभिक स्थल पर पहुंच कर समाप्त हो गया। पथ संचलन के रास्ते में स्वयं सेवको पर पुष्प बरसा की गई। बल्कि रास्ते में अनेको स्थानो पर रंगोली भी सजाई गई।



कार्यक्रम में बौद्विक के लिए मुख्य वक्ता के रुप में शिवशंकर जी प्रांत संयोजक पर्यावरण गतिविधि मौजूद रहे, जबकि अध्यक्षता वेदाचार्य रामकृपालु आचार्य ने की। वक्ताओ ने अपने संबोधन में आरएसएस की स्थापना के 99 साल पूर्ण होने तथा शताब्दी वर्ष में प्रवेश करने पर उद्गार व्यक्त किए। तथा बताया कि आरएसएस की स्थापना नागपुर में 1925 में हुई थी। तब से लेकर संघ पिछले 99 वर्षो से केवल हिंदू समाज को संगठित करने के कार्य में लगा हुआ है।

उन्होंने बताया कि देश के सामने अनेक चुनौतियां पैर फैला रही हैं सभी संकटों का हल केवल हिंदू समाज के जागरण से ही होने वाला है। आगे कहा संघ ने शताब्दी वर्ष में पांच परिवर्तन का कार्य हाथ में लिया है जिसमें सामाजिक सद्भाव, स्वदेशी तथा नागरिकता चार विषयों को सम्मिलित किया गया है। मंच पंर आंनद ठाकुर खण्ड संघचालक भी मौजूद रहे।

### कदमताल करते निकले स्वयंसेवक, लोगों ने पुष्प वर्षा का किया स्वागत

**बरेली।** नगर में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा विशाल पथ संचलन का आयोजन किया जिसमे क्षेत्र के विधायक और मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल मौजूद रहे । पथ संचलन नगर के थाना ग्राउंड से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए पुनः थाना ग्राउंड पहुंचा यहां बाहर से आए प्रचारक कृपाण सिंह , विजय प्रकाश तिवारी , ओमकार धाकड़ , श्रीमती डॉ सुधा धाकड़ के उद्बोधन के साथ समापन हुआ। पथ संचलन में लगभग 500 स्वयं सेवक सम्मलित हुए। उल्लेखनीय है कि विजयादशमी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का स्थापना दिवस है और वर्ष 1925 में महाराष्ट्र के नागपुर में अपनी स्थापना के समय से ही विजयादशमी पर संघ के स्वयंसेवकों का पथ संचलन निकाने की परंपरा है। परन्तु इस बार यह पथ संचलन 20 अक्टूबर को निकाला गया। मार्ग में अनेक स्थानों परजगह-जगह धार्मिक व सामाजिक संगठनों सहित पत्रकार संगठन द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया गया।

# सरस्वती शिशु मंदिर के छात्रों ने थाने का किया भ्रमण, समझी कार्यप्रणाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नगर में 19 अक्टूबर को सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र-छात्राओं ने थाने का निरीक्षण किया और पुलिस की कार्यप्रणाली को जाना। इस दौरान आनेवाले छात्र-छात्राओं ने थाना प्रभारी, डे ऑफिसर महिला अधिकारियों से अलग-अलग चर्चा की इस दौरान पुलिस को लेकर बच्चों के मन में तरह-तरह के उठने वाले प्रश्नों का जवाब मिला।

चर्चा के दौरान थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी ने बच्चों से कहा कि सबसे पहले यह जरूरी है कि बिल्कुल ईमानदारी से अपनी पढ़ाई पर पूरा ध्यान दें। साथ ही उन्होंने अभिमन्यु अभियान के अंतर्गत खासकर छात्रों को महिलाओं की सुरक्षा उनके मान सम्मान एवं उनके परेशानी में होने के दौरान मदद करने को लेकर शपथ दिलाई।



साथी उन्होंने कहा कि यदि आप कोई भी कार्य ईमानदारी से करती हैं तो आपको सफलता अवश्य मिलेगी। वहीं छात्राओं से चर्चा के दौरान सब इंस्पेक्टर नेहा अहिरवार ने कहा कि वर्तमान में साइबर क्राइम सबसे अधिक चल रहा है इस बात का विशेष ध्यान रखा जाएगी कोई भी अपरिचित व्यक्ति को कभी नंबर ना दें एवं अपरिचित आने वाले काल पर बात ना करें एवं अपने से संबंधित कोई भी व्यक्तिगत जानकारी सांझ ना करें।

इस दौरान प्राचार्य तुलसीराम रघुवंशी, शिक्षिका किरण कुशवाहा, शिक्षक राजेंद्र ठाकुर उपस्थित रहे।

# मां हिंगलाज धार्मिक स्थल बाड़ी में हुआ भव्य जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

अखिल भारतीय किरार धाकड़ सामाजिक विकास कल्याण समिति द्वारा मां हिंगलाज धार्मिक स्थल पर एक भव्य सामाजिक जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के पंच, सरपंच, जनपद प्रतिनिधियों और वरिष्ठजनों ने भाग लिया। समारोह का शुभारंभ धार्मिक सुंदरकांड पाठ से हुआ, जिसमें समाज की शांति, समृद्धि और कल्याण के लिए प्रार्थना की। इसके बाद समिति द्वारा विभिन्न जनप्रतिनिधियों को उनके समाजिक कार्यों के लिए सम्मानित किया।

समिति के कार्यवाहक राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चौहान, राष्ट्रीय अध्यक्ष हरी बाबू धाकड़, और सहसंयोजक जसवंत चौहान (मेडिकल बाडी) ने सम्मानित करते हुए कहा समाज के विकास और उन्नति में जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और इस प्रकार के आयोजनों से उनका मनोबल और उत्साह बढ़ता है।



जनप्रतिनिधियों ने इस सम्मान के लिए समिति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनके लिए गर्व की बात है, जो उन्हें समाज सेवा के कार्यों में और भी उत्साह से कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा।

समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे और कार्यक्रम के आयोजन को सराहा। लोगों ने समिति की इस पहल की भूरी-भूरी प्रशंसा की और कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता और सद्भावना को बढ़ावा देते हैं।

**मित्र कष्ट में है तो प्राणपण से उसका सहयोग करना चाहिए: पं शास्त्री**

# गैलपुर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का हुआ विश्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

श्रीमद्भागवत की कथा व्यक्ति के जीवन में मोक्ष प्रदान करने के लिए श्रेष्ठ माध्यम है जिस प्रकार राजा परीक्षित ने सात दिन कथा श्रवण करके अपने मोक्ष को प्राप्त किया था । भगवान श्रीकृष्ण ने लीला के माध्यम से अपने शरीर को त्याग दिया और वह अपने दिव्य धाम को चले गए। श्रीमद् भागवत महापुराण में उनका जो तत्व था वह समाहित हो गया। इसलिए भगवान श्रीकृष्ण के स्वरूप के रूप में श्रीमद् भागवत महापुराण प्रतिष्ठित है। इसकी कथा सुनने से दर्शन करने से व्यक्ति को भगवान के दर्शन का पुण्य लाभ प्राप्त हो जाता है।

यह उद्गार आदिवासी ग्राम गैलपुर में आयोजित की जा रही श्रीमद् भागवत कथा के विश्राम दिवस रविवार को व्यासपीठ से कथा वाचक पंडित भूपेंद्र शास्त्री नगर खेरापति ने श्रद्वालुओ को संबेधित करते हुए व्यक्त किए।

उन्होंने बताया कि भगवान श्री कृष्ण और सुदामा की मित्रता बहुत पवित्र थी इसमें किसी प्रकार का स्वार्थ नहीं था।



भगवान श्री कृष्ण के यहां पर संकोच बस श्री सुदामा नहीं जाना चाहते थे लेकिन उनकी पत्नी सुशीला के बार बार आग्रह करने के बाद बहुत संकोची मन से सुदामा अपने परम सखा मित्र श्रीकृष्ण के यहां पहुंचते है। तो द्वारपालो के द्वारा कृष्णजी को संदेश भेजते हैं कि उनके मित्र सुदामा उनसे मिलना चाहते हैं तो द्वारपालों ने जब श्री कृष्ण को यह संदेश सुनाया तो भगवान श्री कृष्ण नंगे पांव दौड़ पढ़ते हैं जिसमें उनका पीतांबर भी शरीर से अवव्यवस्थित हो जाता है लेकिन अपने मित्र मिलन के आनंद के लिए भगवान श्रीकृष्ण उनको मिलकर गले लगाते हैं। वह अपने महल में लाकर प्रिय मित्र श्री सुदामा के पैर धुलवाते हैं।

### मित्र के लिए सुगम रास्ता बने ऐसा प्रयास करना चाहिए

उन्होने कहा कि अपने मित्र से कभी भी स्वार्थ युक्त मित्रता नहीं करना चाहिए। मित्र यदि कष्ट में है तो प्राणपण से उसका सहयोग करना चाहिए। मित्र की प्रगति में प्रसन्न होना चाहिए। मित्र के लिए सुगम रास्ता बने ऐसा प्रयास करना चाहिए, तभी तो वास्तविक मित्रता का धर्म निर्वाह है । यदि आप मित्रता में स्वार्थ ले आए तो आपसे बड़ा पापी कोई दूसरा नहीं हो सकता। वर्तमान में लोग मित्रता कर रहे हैं लेकिन उसमें कहीं ना कहीं स्वार्थ समाया हुआ है जो कि मानवता के विरुद्ध है। स्वार्थ से विमुख होकर मित्रता करनी चाहिए। यहां पर आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्वालु मौजूद रहे।